दैनिक
न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

आवश्यक सूचना

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 ‖ Postal Registration No-055/Raigarh DN CG ‖ रायगढ़, मंगलवार 28 जुलाई 2020 ‖ पृष्ठ-4, मूल्य 3 रूपए ‖ वर्ष-02, अंक- 299

युद्धकाल में सैनिकों का मनोबल घटाने वाला व्यवहार न करें: मोदी

नईदिल्ली (आरएनएस)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कारगिल विजय दिवस के मौके पर भारतीय सैनिकों के शौर्य को नमन किया और देशवासियों का आह्वान किया कि युद्ध की परिस्थितियों में हमारे आचार, व्यवहार और वाणी से सैनिकों के मनोबल पर विपरीत असर नहीं हो तथा सोशल मीडिया पर देश को नुकसान पहुंचाने वाली पोस्ट को बढ़ावा नहीं दें।

प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि वर्तमान समय में युद्ध केवल सीमा पर नहीं बल्कि कई मोर्चों पर एक साथ लड़ा जाता है जिसमें हर देशवासी को अपनी कोई ना कोई भूमिका तय करनी होती है।

मोदी ने आकाशवाणी पर प्रसारित 'मन की बात' कार्यक्रम में देशवासियों से कहा, युद्ध की परिस्थिति में, हम जो

बात कहते हैं, करते हैं, उसका सीमा पर डटे सैनिक के मनोबल पर उसके परिवार के मनोबल पर बहुत गहरा असर पड़ता है। ये बात हमें कभी भूलनी नहीं चाहिए और इसीलिए हमारा आचार, हमारा व्यवहार, हमारी वाणी, हमारे बयान, हमारी मर्यादा, हमारे लक्ष्य, सभी, कसौटी में ये जरूर रहना चाहिए कि हम जो कर रहे हैं, कह रहे हैं, उससे सैनिकों का मनोबल बढ़े, उनका सम्मान बढ़े। राष्ट्र सर्वोपरी का मंत्र लिए, एकता के सूत्र में बंधे देशवासी, हमारे सैनिकों की ताक़त को कई हज़ार गुणा बढ़ा देते हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा कि कभी-कभी हम इस बात को समझे बिना सोशल मीडिया पर ऐसी चीजों को बढ़ावा दे देते हैं जो हमारे देश का बहुत नुकसान करती हैं। कभी-कभी जिज्ञासावश फॉरवर्ड करते रहते हैं। पता है कि ये गलत है, फिर भी करते रहते हैं। उन्होंने कहा, आजकल, युद्ध, केवल सीमाओं पर ही नहीं लड़े जाते हैं, देश में भी कई मोर्चों पर एक साथ लड़ा जाता है, और, हर एक देशवासी को उसमें अपनी भूमिका तय करनी होती है। हमें भी अपनी भूमिका, देश की सीमा पर, दुर्गम परिस्तिथियों में लड़ रहे सैनिकों को याद करते हुए तय करनी होगी।

पाक की छुरा घोंपने की कोशिश के बाद दुनिया ने देखी भारत की ताकत

मन की बात में पीएम मोदी बोले

नईदिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को रेडियो के माध्यम से मन की बात कार्यक्रम के जरिए देश को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न मुद्दों पर अपनी बात देश के साथ साझा की। साथ ही उन्होंने बिहार और असम में आी बाढ़ के साथ-साथ कोरोना महामारी की चुनौतियों का भी जिक्र किया। साथ ही पीएम मोदी ने 10वीं और 12वीं की परीक्षा में सफल कुछा छात्र-छात्राओं से बात कर उन्हें शुभकामनाएं दीं।

पीएम मोदी ने अपने मन की बात के दौरान मिथिला पेंटिंग के साथ-साथ असम में बांस से सामान बनाकर आत्मनिर्भर बन रहे लोगों की कहानी भी देश के साथ साझा की। पीएम मोदी ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर लोगों से कोरोना महामारी से आजादी का संकल्प लेने की अपील की। उन्होंने कहा कि

कोरोना का खतरा अभी टला नहीं है, इसलिए मास्क का इस्तेमाल जरूर करें। पीएम नरेंद्र मोदी ने मन की बात कार्यक्रम के जरिए आज कारगिल युद्ध के वीरों को याद किया और कहा कि पाकिस्तान ने हमारी पीठ में छूरा खोंपने का प्रयास किया था, लेकिन फिर दुनिया ने हमारे सैनिकों और भारत की ताकत को देखा। पीएम ने कहा कि आज ही के दिन 21 साल पहले हमारी सेना ने भारत की जीत का झंडा फहराया था। कारगिल का युद्ध जिस परिस्थितियों में हुआ था उसे भारत कभी नहीं भूल सकता है।

महत्वपूर्ण एवं खास

साउथ सैंडविच द्वीप समूह पर भूकंप के तेज झटके

बीजिंग। दक्षिणी अटलांटिक महासागर में स्थित साउथ सैंडविच द्वीप समूह पर रविवार सुबह भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए। अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण के अनुसार साउथ सैंडविच द्वीप समूह पर भारतीय समयानुसार रविवार सुबह करीब छह बजे भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए। रिक्टर पैमाने पर भूकंप की तीव्रता 6.3 मापी गई। सर्वेक्षण के अनुसार भूकंप का केन्द्र 60.783 डिग्री दक्षिणी अक्षांश और 25.3145 डिग्री पश्चिमी देशांतर पर सतह से 10 किलोमीटर की गहराई में स्थित था।

कोरोना से विक्टोरिया में 10 और लोगों की मौत, 459 मामले आए सामने

सिडनी। ऑस्ट्रेलिया के विक्टोरिया राज्य में कोरोना वायरस संक्रमण से एक दिन में सर्वाधिक 10 लोगों की मौत हुई और संक्रमण के 459 नए मामले सामने आए। राज्य के प्रीमियर डेनियल एंड्रयूज ने बताया कि सात पुरुषों और तीन महिलाओं की मौत हो गई। इनमें एक व्यक्ति की आयु 50 वर्ष से कम है और वह ऑस्ट्रेलिया में कोविड-19 से जान गंवाने वाला सबसे कम उम्र का व्यक्ति है। राज्य में संक्रमण के 459 नए मामले सामने आए।राज्य में इस संक्रमण से अब तक 71 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि ऑस्ट्रेलिया में कुल 155 लोग इस वायरस के कारण मारे जा चुके हैं। विक्टोरिया में कुल 228 संक्रमित लोग अस्पताल में भर्ती हैं, जिनमें से 42 लोग आईसीयू में हैं। ऑस्ट्रेलिया में करीब 14,000 लोगों में संक्रमण की पुष्टि हुई है। विक्टोरिया में शनिवार को 42,973 नमूनों की जांच की गई। एंड्रयूज ने कहा कि वह मेलबर्न में लॉकडाउन बढ़ाने की योजना नहीं बना रहे हैं।

कोरोना सहायता पैकेज जल्द ही लाया जाएगा : म्नुचिन

वाशिंगटन। अमेरिका के वित्त मंत्री स्टीवन म्नुचिन ने शनिवार को कहा कि रिपब्लिकन सांसद सोमवार को अगला कोविड-19 सहायता पैकेज पेश कर सकते हैं और उन्होंने आश्वासन दिया कि इसे व्हाइट हाउस का समर्थन मिलेगा। उन्होंने और राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के शीर्ष सहायक ने एक हजार अरब डॉलर के पैकेज के लिए मुलाकात की। म्नुचिन ने पत्रकारों को बताया कि बेरोजगारों को मदद देने वाले पैकेज की अवधि समाप्त हो रही है और इसका विस्तार करना राष्ट्रपति की शीर्ष प्राथमिकता है। मंत्री ने लोगों को काम पर जाने के लिए 600 डॉलर की साप्ताहिक मदद को ''बेतुका'' बताया। उन्होंने अगस्त में 1,200 डॉलर की मदद देने का वादा किया। म्नुचिन ने कैपिटोल में राष्ट्रपति के कार्यवाहक चीफ ऑफ स्टाफ मार्क मीडोज के साथ मुलाकात के बाद कहा, ''हम तेजी से आगे बढ़ने के लिए तैयार हैं।'' उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति रिपब्लिकन सांसदों के पैकेज का ''पूरी तरह'' समर्थन करेंगे। इस प्रस्ताव में स्कूलों को फिर से खोलने में मदद के लिए 105 अरब डॉलर देने, विषाणु की जांच और कारोबारों को लाभ पहुंचाने के लिए नयी धनराशि देना शामिल हैं। मीडॉज ने कहा, ''राष्ट्रपति का रुख बहुत स्पष्ट रहा है। वह यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि अमेरिकी लोगों को इस अभूतपूर्व वक्त के दौरान जिस चीज की जरूरत हो वह मिले।''

टेक्सास पहुंचा अटलांटिक तूफान, बाढ़ की आशंका

कॉर्प्स क्रिस्टी। कोरोना वायरस संक्रमण के लगातार बढ़ रहे मामलों से जूझ रहे टेक्सास में शनिवार को खाड़ी तट पर हन्ना तूफान के पहुंचने से वहां भारी बारिश हुई और तेज हवाएं चलीं। इस तूफान के और विकराल रूप धारण करने के कारण बवंडर उठने की आशंका है।2020 अटलांकिट तूफानी सत्र का पहला तूफान शनिवार को एक घंटे से भी कम समय में श्रेणी एक के तूफान के रूप में दो बार आया। सबसे पहले तूफान कॉर्प्स क्रिस्टी से दक्षिण में करीब 130 मील दूर पोर्ट मैन्सफील्ड के उत्तर में करीब 15 मील पर शाम करीब पांच बजे आया। इसके बाद यह पोर्ट मैन्सफील्ड के उत्तर-पश्चिमोत्तर में करीब 15 मील दूर पूर्वी केनेडी काउंटी में शाम करीब सवा छह बजे आया। टेक्सास हालिया सप्ताहों में कोरोना वायरस संक्रमण के मामलों में बढ़ोतरी की समस्या से पहले ही जूझ रहा है। स्थानीय अधिकारियों का कहना है कि उन्होंने तूफान से निपटने के लिए पूरी तैयारी कर ली है। ब्राउन्सविले में राष्ट्रीय मौसम सेवा के मौसम वैज्ञानिक क्रिस बिर्चफील्ड ने कहा कि

कोरोना से एक दिन में स्वस्थ हुए 36 हजार लोग

नईदिल्ली(आरएनएस)। देश में वैश्विक महामारी कोरोना वायरस संक्रमण के मामलों में हो रही तेज वृद्धि के बीच पिछले 24 घंटों में राहत की बात यह रही कि इस दौरान सर्वाधिक 36 हजार से अधिक मरीज संक्रमणमुक्त हुए जिससे स्वस्थ हुए लोगों की संख्या 8.85 लाख के पार पहुंच गयी। केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से रविवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक देश में पिछले 24 घंटों में 36,145 लोग स्वस्थ हुए हैं जिससे रोगमुक्त हुए लोगों की संख्या में 8,85,577 हो गयी है। इस दौरान 48,661 नये मामले सामने आने से संक्रमितों का आंकड़ा बढ़कर 13,85,522 हो गया तथा इस अवधि में 705 लोगों की मौत होने से कुल मृतक संख्या 32,063 हो गयी। देश में अभी



कोरोना संक्रमण के 4,67,882 सक्रिय मामले हैं। विभिन्न राज्यों में पिछले 24 घंटों के दौरान स्थिति पर नजर डालें तो सर्वाधिक प्रभावित महाराष्ट्र में संक्रमण के 9,251 नये मामले सामने आये और 257 लोगों की मौत हुई। यहां अब संक्रमितों का आंकड़ा 3,66,668 और मृतकों की संख्या 13,389 हैझ।

कारगिल विजय दिवस पर कोविंद ने वीर शहीदों को किया नमन

नईदिल्ली। राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने करगिल युद्ध में देश के लिए खुद को न्योछावर कर देने वाले वीर बांकुरों की शहादत को रविवार को याद किया और उन्हें नमन किया। कोविंद ने करगिल विजय दिवस के अवसर पर ट्वीट करके कहा, करगिल विजय दिवस हमारे सशस्त्र बलों की निडरता, दृढ़ संकल्प और असाधारण वीरता का प्रतीक है। उन्होंने आगे लिखा, मैं उन वीर सैनिकों को नमन करता हूं जिन्होंने दुश्मन का डटकर मुकाबला किया और भारत माता की रक्षा के लिए अपने प्राण न्योछावर कर दिए।

अब देशभर में दिल्ली मॉडल को लागू करने की तैयारी

कोरोना के बढ़ते संक्रमण पर लगेगी लगाम

नईदिल्ली(आरएनएस)। कोरोना के प्रकोप से लगभग हर देश जूझ रहा है। भारत में भी मरीजों का आंकड़ा दिन प्रतिदिन बढ़ता ही जा रहा है। देश में बढ़ते संक्रमण के बीच सोमवार को केंद्र सरकार राज्यों के साथ एक बैठक करने जा रही है, जिसमें कोविड-19 से बचाव के लिए दिल्ली मॉडल को अपनाने के लिए कहा जा सकता है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह

जानकारी दी। जानकारी के लिए आपको बता दें कि बैठक की अध्यक्षता केंद्रीय गृह सचिव अजय भल्ला करेंगे। यह बताया जा रहा है कि इस उच्चस्तरीय बैठक में दिल्ली में कोरोना के खिलाफ उठाए गए कदमों को अपनाने के लिए अन्य राज्यों के लिए भी प्लानिंग की जाएगी। इसके साथ ही आने वाले दिनों में दिल्ली में कोरोना के संक्रमण को रोकने के लिए रणनीति पर भी चर्चा होगी।

कोरोना को लेकर देशवासी ज़रा भी कोताही ना बरतें: मोदी

नई दिल्ली(आरएनएस)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश में कोविड-19 महामारी के तेजी से विस्तार के बीच देशवासियों को रविवार को आगाह किया कि कोरोना का खतरा पहले से कम नहीं हुआ है लिहाजा लोगों को बहुत संयम एवं धैर्य के साथ लगातार मास्क पहनना चाहिए और ज़रा भी कोताही नहीं बरतनी चाहिए।

मोदी ने आकाशावाणी पर प्रसारित अपने कार्यक्रम मन की बात में कहा कि पिछले कुछ महीनों से पूरे देश ने एकजुट होकर जिस तरह कोरोना से मुकाबला किया है, उसने अनेक आशंकाओं को गलत साबित कर दिया है।

आज, हमारे देश में स्वस्थ होने की दर अन्य देशों के मुकाबले बेहतर है, साथ ही, हमारे देश में कोरोना से मृत्यु-दर भी दुनिया के ज्यादातर देशों से काफ़ी कम है। उन्होंने कहा कि निश्चित रूप से एक भी व्यक्ति को खोना दुखद है, लेकिन भारत अपने लाखों देशवासियों का जीवन बचाने में सफल भी रहा है।

प्रधानमंत्री ने लोगों को चेताया, कोरोना का खतरा टला नहीं है। कई स्थानों पर यह तेजी से फैल रहा है। हमें बहुत ही ज्यादा सतर्क रहने की जरूरत है। हमें यह ध्यान रखना है कि कोरोना अब भी उतना ही घातक है, जितना, शुरू में था, इसीलिए हमें पूरी सावधानी बरतनी है। चेहरे पर मास्क लगाना या गमछे का उपयोग करना, दो गज की दूरी, लगातार हाथ धोना, कहीं पर भी थूकना नहीं, साफ़ सफाई का पूरा ध्यान रखना - यही हमारे हथियार हैं जो हमें कोरोना से बचा सकते हैं। उन्होंने कहा कि कभी-कभी हमें मास्क से तकलीफ होती है और मन करता है कि चेहरे पर से मास्क हटा दें। बातचीत करना शुरू करते हैं, जब मास्क की जरूरत ज्यादा होती है, उसी समय मास्क हटा देते हैं।

सड़क दुर्घटना में दिल्ली ट्रैफिक पुलिस के एसीपी की मौत

नईदिल्ली (आरएनएस)। दिल्ली के एक ट्रैफिक एसीपी संकेत कौशिक की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। यह घटना शनिवार रात की है। कौशिक रजकोरी फ्लाइओवर के पास वाहनों की आवाजाही की निगरानी कर रहे थे, तभी किसी वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। कौशिक को फौरन एम्स ले जाया गया लेकिन डॉक्टरों ने उन्हें मृत लाया घोषित कर दिया गया। यह घटना रात आठ बजे की है। घटना की जांच की जा रही है।

तीन हज़ार से ज्यादा कोरोना मरीज गायब

राज्य सरकार की उड़ी नींद

बेंगलुरु (आरएनएस)। कर्नाटक में कोरोना वायरस के मामले तेजी से बढ़ते जा रहे हैं। पिछले करीब 3 हफ्तों से यहां मरीजों की संख्या में रिकॉर्ड इज़ाफा हुआ है। जानकारी के अनुसार राज्य में मरीजों की संख्या 90 हज़ार का आंकड़ा पार कर चुकी है। इस बीच यह सूचना सामने आई है कि राजधानी बेंगलुरु में कोरोना के 3338 मरीज़ गायब हो गए हैं। इतनी बड़ी संख्या के मरीज कहां गए इनका अभी तक कोई पता नहीं लग पाया है। फिलहाल प्रशासन इनकी तलाश में जुटा है। अगर हिसाब लगाया जाए तो ये शहर में कुल

कोरोना वायरस पॉजिटिव लोगों की संख्या का 7 प्रतिशत हिस्सा है। इस मामले में अधिकारियों का कहना है कि उनके पास मरीजों को ट्रैक करने का कोई साधन नहीं है। क्या रिपोर्ट पॉजिटिव आने के बाद इन सबने खुद को चॅरंटीन किया है, इस बारे में भी अभी तक कोई जानकारी नहीं है। वहीं बेंगलुरु महानगर पालिका के कमिश्नर एन मंजुनाथ प्रसाद ने कहा, हम पुलिस की मदद से कुछ कोरोना पॉजिटिव मरीजों का पता लगा सकते हैं।

राष्ट्रपति ने सैन्य अस्पताल को दिया 20 लाख का दान

निधियों का उपयोग कोरोना योद्धाओं के लिए किया जाएगा

नईदिल्ली(आरएनएस)। करगिल युद्ध में बहादुरीपूर्वक लड़ने वाले एवं सर्वोच्च बलिदान देने वाले जवानों को श्रद्धांजलि के रूप में, राष्ट्रपति ने रविवार को दिल्ली स्थित सैन्य अस्पताल (रिसर्च एवं रेफरल) को उन उपकरणों, जो कोविड-19 महामारी से प्रभावी रूप से मुकाबला करने में चिकित्सकों एवं अर्धचिकित्सकों की सहायता करेंगे, की खरीद के लिए 20 लाख रुपये का चेक दिया। 26 जुलाई को करगिल युद्ध में जीत की 21वीं वर्षगाठ है जिसे विजय दिवस के रूप में मनाया जाता है।

सैन्य अस्पताल को राष्ट्रपति का योगदान राष्ट्रपति भवन में व्यय को किफायती बनाने और इस प्रकार कोविड-19 को नियंत्रित करने के लिए अधिक संसाधन उपलब्ध कराने के एक प्रयोग के कारण संभव हो पाया है। इससे पहले, राष्ट्रपति ने राष्ट्रपति भवन में कई उपायों को आरंभ करने के जरिये व्यय में कमी लाने के लिए निर्देश जारी किए थे। इस पहल के एक नतीजे के रूप में, इससे पहले उन्होंने एक लिमोजीन (कई सुविधाओं से लैस एक लंबी कार) खरीदने के प्रस्ताव को आस्थगित कर दिया था जिसका उपयोग समारोह संबंधी अवसरों पर किया जाना था।

सीएम उद्धव ठाकरे की चेतावनी

मेरी सरकार गिरानी है तो गिराओ लेकिन याद रहे स्टीयरिंग तो मेरे ही हाथ में है

मुंबई (आरएनएस)। राजस्थान में जारी संकट के बीच महाराष्ट्र के सीएम उद्धव ठाकरे ने बड़ा बयान दिया है। एक इंटरव्यू में उद्धव ठाकरे ने कहा कि जिस किसी को उनकी सरकार गिरानी है वो गिराए। वो देख लेंगे। उनका कहना है कि इंतजार किसका है? अब सरकार गिराओ, सरकार तीन पहियों वाली है, लेकिन वो गरीबों का वाहन है, पर उसकी स्टीयरिंग तो उनके हाथ में है। बुलेट ट्रेन या रिक्शा में चुनाव करना पड़ा तो वो रिक्शा ही चुनेंगे। उद्धव ठाकरे ने कहा कि वो गरीबों के साथ ही खड़े रहेंगे। उन्होंने कहा कि अपनी यह भूमिका मैं बदलता नहीं हूं। कोई ऐसी सोच न बनाए कि अब मैं मुख्यमंत्री बन गया हूं,

मतलब बुलेट ट्रेन के पीछे खड़ा रहूंगा। महाराष्ट्र सीएम ने कहा कि महाराष्ट्र की अर्थव्यवस्था डगमगा गई है, लेकिन रास्ता निकालेंगे। ऑपरेशन लोटस महाराष्ट्र में सफल होगा या नहीं? इस सवाल के जवाब में महाराष्ट्र सीएम ने कहा कि करके देखो ना। मैं भविष्यवाणी कैसे करूंगा? आप करके देखो। जोड़-तोड़ करके देखो। एक महत्वपूर्ण मुद्दा क्या है कि ऐसा कोई भी विपक्षी नेता दिखाओ जो दूसरी पार्टी में जाकर सर्वोच्च पद पर पहुंचा है, मुख्यमंत्री बना है।

उन्होंने कहा कि आपको आपकी पार्टी में ऐसा क्या मिलता नहीं है कि आप दूसरी पार्टी में जाते हैं।